## खास-खबरें

### सद्गुरु विज्ञान सेंटर में निःशुल्क नेत्र शिविर, 103 मरीजों की हुई जांच



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर में स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन स्वर्गीय सुभाष यादव की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में किया गया। शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा ने 103 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच कर उन्हें आंखों की बीमारियों से बचाव संबंधी आवश्यक परामर्श दिए। जांच के दौरान 11 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, जिन्हें ऑपरेशन के लिए आनंदपुर भेजा गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी गणेशराम रघुवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी नियमित रूप से निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अंत में सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

### मंदिर परिसर में पौधारोपण संरक्षण का संकल्प लिया



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के तत्वाधान में मंदिर परिसर में इन दिनों पौधा रोपण का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर के अलावा अन्य स्थानों पर 100 से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। इस अभियान की शुरूआत वरिष्ठ समाजसेवी नमिता अखिलेश राय, संत माधवदास महाराज ने की थी, वहीं एक पौधा रोपण अभियान के तहत करीब 30 पौधे मंदिर परिसर में लगाए गए है। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बेहतर पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी है। केवल वृक्ष ही हमें ताजा हवा मुहैया कराते हैं। मंदिर परिवार के द्वारा पौधरोपण अभियान शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत 100 से अधिक पौधे रोपित किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत सुरेश पंडा, सुनील राय, विनोद यादव, दिनेश राणा, गणेश यादव, सोनू केवट, मुकेश राय, दुर्गेश यादव आदि शामिल थे।

### विदिशा में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को जिला चिकित्सालय विदिशा में किया गया। अभियान की शुरुआत विदिशा विधायक मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओपी सनोडिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाकर की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को जनसहभागिता से सफल बनाने का आह्वान भी किया।

### दादा लीजेंडरी रन उत्सव में 4 हजार से अधिक लोगों ने लगाई दौड़

**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुरः** स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी के 80वें जन्मदिवस के अवसर पर दादा रोहाणी सेवा समिति द्वारा आयोजित चार दिवसीय सामाजिक, खेल एवं जनसेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ रविवार को 'दादा लीजेंडरी रन उत्सव 2026' के साथ हुआ। शिवाजी ग्राउंड, सदर से सुबह छह बजे शुरू हुई रन में लगभग चार हजार से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रन का आयोजन सदर मेन रोड, भारत माता चौक, सृजन चौक और माल रोड होते हुए पुनः शिवाजी ग्राउंड तक किया गया। आयोजन के माध्यम से फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता, नशामुक्ति तथा 'फिट इंडिया-स्वस्थ भारत' का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, खिलाड़ियों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

# उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कृषि उपज मंडी पिपलिया मंडी में 32 दुकानों का किया लोकार्पण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने रविवार को मंदसौर जिले की कृषि उपज मंडी पिपलियामंडी में लगभग 1 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से निर्मित 32 कैश काउंटर (सैंड्री शॉप) दुकानों का लोकार्पण किया। ये दुकानें व्यापारियों के लिए कैश काउंटर के रूप में उपयोग की जाएंगी, जहां से किसानों को उनकी उपज का भुगतान किया जाएगा।

कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, जनप्रतिनिधिगण, मंडी व्यापारी संघ के पदाधिकारी, व्यापारी एवं किसान उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि इन 32 दुकानों के लोकार्पण से व्यापारियों एवं किसानों दोनों को सीधा लाभ मिलेगा तथा किसानों को भुगतान की प्रक्रिया अधिक सुगम और व्यवस्थित होगी। उन्होंने कहा कि पिपलियामंडी कृषि उपज मंडी को आदर्श मंडी के रूप में विकसित किया जाएगा और मंडी की सभी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। साथ ही मंडी के विकास के लिए भेजे गए 2.5 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को भी शीघ्र स्वीकृति दिलाई जाएगी।उन्होंने कहा कि प्रदेश की मंडियों में व्यापक परिवर्तन हुए हैं और आज अधिकांश मंडियां आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दिसंबर 2026 तक गांधी सागर का पानी हर खेत तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा होगा। इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण सहित आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि मध्यप्रदेश आज देश के सबसे तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में शामिल है। भारत विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और इसका लाभ प्रत्येक परिवार तक पहुंच रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने ग्राम गुड़भेली छोटी में 8 करोड़ की सड़क का भूमि पूजन किया

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ग्राम गुड़भेली छोटी में 8 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली बरुजना फंटे से छोटी गुड़भेली, हरसोल व्हाया बंडपिपल्या पहुंच मार्ग का भूमि पूजन किया। 6.96 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के अनेक गांवों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी तथा किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को सीधा लाभ होगा। कार्यक्रम में जिला योजना समिति सदस्य श्री राजेश दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि इस क्षेत्र में सड़क की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी और ग्रामीण लगातार इसकी मांग कर रहे थे। अब इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के अनेक गांवों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा।

## विधायक डॉ. चौधरी ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने रविवार को जिला अस्पताल में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खत्री, सिविल सर्जन डॉ. अनिल ओड सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

जिले में 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। पहले दिन जिले में बनाए गए 740 बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई गई।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 29 और 30 जून को स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे। इसके अलावा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ईंट भट्टों तथा चलित आबादी और अस्थायी बस्तियों में विशेष टीमों के माध्यम से भी बच्चों तक पहुंचकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की है।

## सशक्त वाहिनी की कक्षाओं का डिप्टी कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा :** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में संचालित सशक्त वाहिनी की निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा प्रशिक्षण कक्षाओं का आज डिप्टी कलेक्टर श्री मोतीलाल आलमचंद्र ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं से संवाद कर कक्षाओं में प्रदान किए जा रहे प्रशिक्षण एवं अध्ययन सामग्री के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बालिकाओं से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, विषय विशेषज्ञों द्वारा दिए जा रहे मार्गदर्शन एवं अध्ययन की प्रगति के बारे में चर्चा की तथा कक्षाओं के संचालन की सराहना की। उन्होंने छात्राओं को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी कलेक्टर श्री आलमचंद्र ने कहा कि सशक्त वाहिनी जैसी पहल बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है तथा इसका अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाना चाहिए।

### दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब का नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट शुरू

**मंदसौर।** दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट सीजन-2 का शुभारंभ कॉलेज ग्राउंड स्थित वॉलीबॉल कोर्ट पर हुआ। उद्घाटन समारोह में सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन एवं दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप के अध्यक्ष रितेश भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। राष्ट्रगान के बाद मैचों की शुरुआत हुई। टूर्नामेंट में बीसा पोरवाल समाज की चार टीमें हिस्सा ले रही हैं। आयोजन के दौरान क्लब के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। प्रतियोगिता का संचालन कोच अभिषेक सेठिया एवं उनकी टीम की देखरेख में किया जा रहा है।

## लसूडिया परिहार में युवक ने लगाई फांसी, 4 पन्नों के सुसाइड नोट में कर्जदारों के नाम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जिला मुख्यालय के पास ग्राम लसूडिया परिहार में बुधवार को सनसनी फैल गई, जब एक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान जितेंद्र गोस्वामी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

**गांव में चर्चाओं का बाजार गर्मः** सुसाइड नोट सामने आते ही लसूडिया परिहार और आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया है। तरह-तरह की चर्चाएं तेज हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नोट में कई बड़े नाम हैं, जिनसे जितेंद्र का पैसों का लेनदेन था।

**पुलिस बोली- तथ्यों की पुष्टि के बाद होगी कार्रवाई :** कोतवाली टीआई रविंद्र यादव ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कर मर्ग कायम कर लिया गया है। मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य, गवाह और साक्ष्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर सख्त वैधानिक व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।


मीडिया के सवाल पर टीआई ने कहा कि मौके पर अधीनस्थ अधिकारी गए थे। उनसे पूरी डायरी रिपोर्ट मिलने और सुसाइड नोट के तथ्यों की प्रामाणिक पुष्टि के बाद ही आधिकारिक बयान दिया जाएगा।

फिलहाल पुलिस सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग और उसमें नामजद लोगों की भूमिका की गहराई से तफ्तीश कर रही है। आर्थिक तनाव और कर्ज के जाल ने एक और जिंदगी लील ली। अब देखना है कि पुलिस जांच में सुसाइड नोट के खुलासे कितने लोगों पर भारी पड़ते हैं।

**सुसाइड नोट ने खोले राज**

पुलिस को मौके से एक 4 पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसने पूरे मामले को गंभीर बना दिया है। सूत्रों के मुताबिक जितेंद्र ने सुसाइड नोट में क्षेत्र के कई लोगों के साथ हुए आर्थिक लेनदेन का सिलसिलेवार जिक्र किया है। डायरी में नामजद हिसाब-किताब लिखा है कि उसे किन लोगों से मोटी रकम लेनी थी और किनके कर्ज व मानसिक प्रताड़ना के कारण वह आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर हुआ।

## इंदौर-उज्जैन रोड पर यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी, 20 यात्री घायल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** इंदौर से उज्जैन जा रही सपना ट्रैवल्स की बस शनिवार-रविवार दरमियानी रात तपोभूमि के पास तेज बारिश में अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें 20 यात्री घायल हो गए। घायलों के मुताबिक ड्राइवर मोबाइल पर बात कर रहा था और नशे में था। बस में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के तपोभूमि के पास रात करीब 1 से 1:30 बजे के बीच हुआ, जब बस इंदौर बस स्टैंड से रवाना होकर उज्जैन के नानाखेड़ा बस स्टैंड की ओर जा रही थी। बस पलटते ही भीतर चीख-पुकार मच गई और कई यात्री सीटों के नीचे दब गए। इस दौरान आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने गजब की मुस्तैदी दिखाई और बस के शीशे तोड़कर घायलों को बाहर निकालना शुरू किया। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस की टीमें भी मौके पर पहुंच गईं और सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

हादसे में कुल 20 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 6 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। इन सभी गंभीर घायलों को जिला अस्पताल के चरक भवन में भर्ती कराया गया है, जबकि मामूली रूप से चोटिल अन्य यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल में भर्ती सभी लोगों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। घायलों में से कई लोग इंदौर में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। इनमें ग्वालियर निवासी 54 वर्षीय गोविंद अग्रवाल और उनका 25 वर्षीय बेटा सुधीर अग्रवाल, इंदौर के विजयनगर की रहने वाली 15 वर्षीय खुशी तिवारी, उज्जैन की साईं धाम कॉलोनी निवासी 32 वर्षीय वंदना खत्री और उनका 10 वर्षीय बेटा वंश खत्री, तथा जीवनखेड़ी निवासी हरदीप पिता अर्जुन शामिल हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों और बस में सवार यात्रियों ने ड्राइवर पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। यात्रियों का कहना है कि हादसे के समय तेज बारिश हो रही थी और बस में क्षमता से कहीं अधिक लोग सवार थे, जिसके कारण कई यात्री खड़े होकर सफर करने को मजबूर थे। इस खराब मौसम और ओवरलोडिंग के बीच ड्राइवर लगातार मोबाइल फोन पर बात कर रहा था और कुछ यात्रियों ने उसके शराब के नशे में होने का दावा भी किया है। इसी घोर लापरवाही के चलते बस अचानक बेकाबू हुई और डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई।

घटना के बाद नानाखेड़ा थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को अपने कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में भी ड्राइवर की लापरवाही ही इस बड़े हादसे का मुख्य कारण बनकर सामने आ रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों द्वारा लगाए गए नशे और मोबाइल पर बात करने के आरोपों को गंभीरता से लिया जा रहा है। ड्राइवर की मेडिकल रिपोर्ट, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और तकनीकी टीम की जांच के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सुनीता बनीं महिला सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन की जिलाध्यक्ष



**रतलाम।** समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत सुनीता सक्सेना को महिला सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन की जिलाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन द्वारा उन पर जताए गए विश्वास के बाद सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों और पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सुनीता सक्सेना लंबे समय से महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और कल्याण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। जिलाध्यक्ष बनने के बाद उनसे क्षेत्र में महिला सुरक्षा संबंधी कार्यक्रमों को और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि सुनीता सक्सेना के नेतृत्व में फाउंडेशन जिले में महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता और स्वावलंबन के लिए नए आयाम स्थापित करेगा। श्रीमती सक्सेना महिला रेलवे वेलफेयर सोसाइटी से भी जुड़ी रही है। कई संगठनों और महिला नीतियों ने श्रीमती सक्सेना को बधाई देते हुए महिला समाज सेवा के लिए उत्कृष्ट कार्य करने का भरोसा भी जताया हैं।

### स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए शाजापुर जिले को मिला राज्य स्तरीय सम्मान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुसार शाजापुर जिले को स्वस्थ यकृत मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओ में उत्कृष्ट कार्य एवं नवाचारों के लिए राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान 28 जून 2026 को आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार भोपाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदान किया गया।

स्वास्थ्य विभाग को यह गौरवपूर्ण उपलब्धि कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य की सतत मॉनिटरिंग व स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार के लिए किए गए प्रभावी प्रयासों का परिणाम है। उनके नेतृत्व में जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार एवं नवाचार संभव हो सके।

समारोह में शाजापुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. गोपाल मकवाना एनसीडी नोडल अधिकारी, डॉ. महेंद्र परमार विकासखंड चिकित्सा अधिकारी पोलायकलां एवं श्री शैलेन्द्र सोनी प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने सम्मान ग्रहण किया।

जिले की इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समस्त टीम, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे जिले के सामूहिक प्रयासों, समर्पण एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने भविष्य में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए इसी उत्साह एवं गुणवत्ता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# विधायक जैन ने जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** जिला चिकित्सालय में रविवार को जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ विधायक श्री अनिल जैन कालुहेड़ा के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

उल्लेखनीय है कि पल्स पोलियो अभियान भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य देश को पोलियो मुक्त बनाए रखना है। इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाती है।

इस अवसर पर श्री कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट, श्री संजय अग्रवाल, सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



विधायक, कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने उपस्थित बच्चों को स्वयं पोलियो की दवा पिलाई और अभियान को सफल बनाने की अपील की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि 28 जून को जिला चिकित्सालय में शुभारंभ के दौरान पोलियो की दवा पीने से वंचित बच्चों को 29 एवं 30 जून को घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिले में कुल 2,79,293 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार पाल, शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. अनिता भिलवार, आर.एम.ओ. डॉ. चिन्मय चिंचोलिकर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. निधि जैन, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. आदित्य माथुर आदि उपस्थित थे।

### इंदौर से उज्जैन जा रही यात्री बस डंपर से टकराई

**उज्जैन।** इंदौर शहर के नावदा पंथ क्षेत्र में रविवार सुबह एक सड़क हादसे में इंदौर से उज्जैन जा रही यात्री बस आगे चल रहे डंपर से टकरा गई। हादसा गधा टेकरी के पास हुआ, जिसमें बस में सवार सात यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तिलक नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि हादसा रविवार सुबह गधा टेकरी के पास हुआ। इंदौर से उज्जैन जा रही यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर चल रहे डंपर से पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में बैठे कई यात्रियों को चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## मानसून मेहरबान, कई जगह 2 इंच से ज्यादा और आष्टा में 2.05 इंच बारिश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जिले में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के बाद अब जिले भर में झमाझम वर्षा का दौर शुरू हो गया है। आज हुई बारिश में आष्टा ब्लॉक में सबसे अधिक 2.05 इंच पानी गिरा है। अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरों पर खुशी है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में जिले के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

भू-अभिलेख अधीक्षक के अनुसार, आज पूरे जिले में 0.75 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है। आष्टा के बाद सीहोर मुख्यालय पर 1.19 इंच, श्यामपुर में 1.10 इंच और जावर में 1.02 इंच पानी गिरा। वहीं, इछावर में 0.59 इंच और बुधनी में महज 0.06 इंच हल्की बारिश हुई। इस दौरान जिले के भैरूंदा और रेहटी क्षेत्र में कोई वर्षा रिकॉर्ड नहीं की गई।

### जिले में 5.46 इंच औसत बारिश

आंकड़ों के मुताबिक, जिले में 1 जून से लेकर अब तक औसतन 5.46 इंच मानसूनी बारिश हो चुकी है। इस सीजन में कुल बारिश के मामले में भैरूंदा सबसे आगे है, जहां 7.52 इंच पानी बरसा है। इसके बाद इछावर में 7.28 इंच, सीहोर में 5.94 इंच, बुधनी में 5.85 इंच और आष्टा में 5.59 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा जावर में 4.85 इंच और श्यामपुर में 3.50 इंच पानी गिरा है। पूरे जिले में अब तक सबसे कम 3.13 इंच बारिश रेहटी में हुई है।



**अगले 48 घंटे में भारी बारिश से उफान पर आ सकते हैं नदी-नाले :** मौसम विभाग ने जिले में बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। अगले 24 से 48 घंटों के भीतर सीहोर के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। विभाग के अनुसार, लगातार तेज बारिश होने से जिले के नदी-नाले उफान पर आ सकते हैं। पानी की अच्छी आवक होने से किसानों को खरीफ की फसलों में बड़ा फायदा मिलेगा।